Regarding formation of National Anti Fake Drug Task Force to combat counterfeit drugs nationwide-Laid

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) **:** मैं सरकार का ध्यान एक अत्यंत गंभीर और संवेदनशील सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट की ओर दिलाना चाहता हूँउन मासूम बच्चों की दुखद मृत्यु की ओर, जिनकी जान जहरीली और नकली कफ सीरप के कारण चली गई । उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल जिलों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बं गा ल, बिहार झारखंड सहित देश के कई राज्यों में नकली कफ सिरप और अन्य अवैध दवाओं का एक संगठित एवं व्यापक रैकेट सक्रिय होने की चिंताजनक जानकारी सामने आई है । इसके परिणामस्वरूप सैकड़ों बच्चों की असमय मृत्यु की घटनाएँ हुई हैं, जो अत्यंत दर्दनाक और हृदय विदारक हैं । यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी प्रत्यक्ष रूप से खतरा है । नकली दवाओं पर रोक लगाने हेतु केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय, डीसीजीआई की सख्त मॉनिटरिंग व्यवस्था, फार्मा मैन्युफैक्चरिंग एवं सप्लाई चेन की नियमित और पारदर्शी जांच अत्यंत आवश्यक है । अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस पूरे नेटवर्क की उच्च-स्तरीय, समयबद्ध जांच कराई जाए, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एंटी-फेक ड्रग्स टास्क फोर्स का गठन किया जाए ।